बलराम कृषि महोत्सव में वर्चुअल रूप से जुड़े डॉ. यादव, प्रगतिशील किसानों और मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

# अन्नदाताओं को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा रही सरकार : मुख्यमंत्री



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसान परिश्रम से फसल उगाकर सभी के लिए अन्न उपलब्ध कराते हैं। अन्नदाताओं की समस्याओं को दूर कर उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को नई दिल्ली प्रवास के दौरान छतरपुर में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव से वर्चुअल रूप से जुड़े और किसानों को संबोधित किया। उन्होंने प्रगतिशील किसानों से संवाद भी किया।

### सिंचाई सुविधाओं से मजबूत होगी कृषि

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई केन-बेतवा लिंक परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे बुंदेलखंड के किसानों को सिंचाई का बड़ा लाभ मिलेगा। सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से कृषि क्षेत्र को गति मिलेगी और किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने सामाजिक आयोजनों में अनावश्यक खर्च कम करने और सामूहिक विवाह को बढ़ावा देने की अपील भी की। किसानों ने मुख्यमंत्री को कृषि क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी। सलीम खान ने जैविक एवं प्राकृतिक खेती, औषधीय फसलों और समग्र खेती के बारे में बताया। सौरभ भटनागर ने जैविक खेती के साथ फल-सब्जी उत्पादन, मुर्गी, मछली और बतख पालन की जानकारी दी। हबीबाई ने कोदो, कुटकी, रागी, बाजरा और ज्वार जैसी लघु धान्य फसलों के उत्पादन और प्रसंस्करण की जानकारी दी।

### लाड़ली बहना योजना की 40वीं किस्त आज, 1.25 करोड़ महिलाओं के खातों में पहुंचेंगे 1835 करोड़

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार, 13 सितंबर को आगर मालवा से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की सितंबर माह की 40वीं किस्त का अंतरण करेंगे। इस दौरान प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 10 हजार 150 पात्र महिलाओं के बैंक खातों में 1,835 करोड़ 9 लाख 22 हजार 450 रुपये की मासिक आर्थिक सहायता सीधे अंतरित की जाएगी। सितंबर की किस्त के बाद योजना के प्रारंभ से अब तक अंतरित राशि 65,395.99 करोड़ रुपये हो जाएगी। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना जून 2023 में शुरू हुई थी। उस समय पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये दिए जाते थे। अक्टूबर 2023 से राशि बढ़ाकर 1,250 रुपये और नवंबर 2025 से 1,500 रुपये प्रतिमाह कर दी गई। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से 900 रुपये प्रतिमाह प्राप्त करने वाली पात्र महिलाओं को भी प्रावधान के अनुसार अंतर की राशि दी जा रही है। जून 2023 से अगस्त 2026 तक योजना की 39 नियमित मासिक किस्तों का भुगतान किया जा चुका है। सितंबर में 40वीं किस्त दी जाएगी। इसके अलावा रक्षाबंधन पर अगस्त 2023, 2024, 2025 और 2026 में 250 रुपये की विशेष आर्थिक सहायता भी दी गई थी। जून 2023 से अगस्त 2026 तक महिलाओं के खातों में 63,560.90 करोड़ रुपये अंतरित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री आगर मालवा में 225.95 करोड़ रुपये के 33 कार्यों का भूमि-पूजन और 28.14 करोड़ रुपये के 17 कार्यों का लोकार्पण भी करेंगे।

### प्रगतिशील किसान और विद्यार्थी सम्मानित

कार्यक्रम में जिले के 10 प्रगतिशील किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रावीण्य सूची में आए कृषक परिवारों के मेधावी बच्चों को भी सम्मानित किया गया। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को रबी फसलों की उन्नत किस्मों, नवीन कृषि तकनीक, फसल प्रबंधन, कृषि यंत्र और उर्वरकों के उपयोग की जानकारी दी। विभिन्न विभागों ने प्रदर्शनी और स्टॉल लगाकर कृषि संबंधी सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध कराई।

## मध्यप्रदेश में वस्त्र उद्योग के विस्तार और निवेश पर मुख्यमंत्री की केंद्रीय मंत्री से चर्चा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को नई दिल्ली में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह से भेंट की। इस दौरान मध्यप्रदेश में वस्त्र उद्योग के विस्तार, निवेश की संभावनाओं, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में वस्त्र उद्योग की संभावनाओं और उद्योग तथा निवेश को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने वस्त्र क्षेत्र में नए निवेश आकर्षित करने और इसे गति देने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव, मध्यप्रदेश सरकार की आवासीय आयुक्त रश्मि अरुण शमी सहित केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व पर मुख्यमंत्री ने दीं शुभकामनाएं

**नप्र, भोपाल :**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के पावन प्रकाश पर्व पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब की गुरुबाणी सत्य, प्रेम, समानता और मानव सेवा का संदेश देती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब की शिक्षाएं समाज में एकता, सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करने की प्रेरणा देती हैं।

## सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की मुख्य सचिव ने की समीक्षा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने शनिवार को मंत्रालय में सेवा संकल्प अभियान 2026 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों से अभियान की सेवा गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित करने और उत्कृष्ट क्रियान्वयन की अपेक्षा की। अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा।

अभियान के पहले दिन 17 सितंबर को शाम सात बजे प्रदेशभर में एक साथ आशीर्वाद दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। प्रत्येक जिले के 10 प्रमुख स्थानों पर विशेष आयोजन होंगे। ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के हितग्राही परिवारों के घरों पर भी दीप जलाए जाएंगे। इसी दिन स्वास्थ्य केंद्रों, अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे।

#### चित्रकला, भाषण और नुक्कड़ नाटक

19 से 26 सितंबर तक जिला स्तर पर मेरे सपनों का भारत चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता होगी। राज्य स्तर की प्रतियोगिता 4 और 5 अक्टूबर को होगी। 19 सितंबर से 5 अक्टूबर तक नमो सेवा-अनकही कहानियां के तहत नुक्कड़ नाटक आयोजित होंगे।

#### आंगन मिलन और सेवा की कहानी

26 सितंबर से 5 अक्टूबर तक आंगनवाड़ी केंद्रों पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम होंगे। बच्चों और माताओं के लिए पोषक अल्पाहार, खेल और पठन सामग्री की व्यवस्था की जाएगी। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा की कहानी कार्यक्रम में योजनाओं से लाभान्वित लोगों के अनुभव प्रस्तुत किए जाएंगे। 7 अक्टूबर को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से सेवा ज्योति कलश यात्रा निकलेगी।

## रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए अंतिम अतिरिक्त सीएलसी चरण शुरू

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 में स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को एक और अवसर दिया है। इसके लिए अतिरिक्त महाविद्यालय स्तरीय परामर्श चरण 12 से 16 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। अतिरिक्त चरण में शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों में उपलब्ध रिक्त सीटों पर पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग ने महाविद्यालयों को निर्धारित अवधि में प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने और विद्यार्थियों को आवश्यक सहयोग देने के निर्देश दिए हैं।

#### 16 सितंबर के बाद प्रवेश नहीं

विद्यार्थी उपलब्ध रिक्त सीटों के आधार पर संबंधित महाविद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। 16 सितंबर को निर्धारित समय के बाद प्रवेश मान्य नहीं होगा। उच्च शिक्षा संचालनालय ने विद्यार्थियों और महाविद्यालयों से समय-सीमा का ध्यान रखते हुए प्रवेश प्रक्रिया निर्धारित अवधि में पूरी करने की अपील की है।

### बनखेड़ी पहुंचकर उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सुमन गोहल को दी श्रद्धांजलि

**नप्र, भोपाल :**उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल शनिवार को नर्मदापुरम जिले के बनखेड़ी पहुंचे। उन्होंने सुभाष गोहल की पत्नी स्वर्गीय सुमन गोहल के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उप मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिवार से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सुमन गोहल, उप मुख्यमंत्री के विशेष सहायक चंद्र प्रताप गोहल की माताजी थीं।

## जनजातीय मानव अधिकारों और योजनाओं की पहुंच पर होगा मंथन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार, 13 सितंबर को भोपाल स्थित आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के 32वें स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ करेंगे।

मुख्यमंत्री कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे, जबकि जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह करेंगे। समारोह में अनुसूचित जनजाति वर्ग के मानव अधिकारों के संरक्षण और शासकीय योजनाओं की उन तक पहुंच विषय पर विचार-विमर्श होगा। वक्ताओं के उद्बोधन के साथ प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जनजातीय कार्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत साधना सप्ताह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री और अन्य अतिथि मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग द्वारा प्रकाशित विषय आधारित स्मारिका और बहुउपयोगी डायरी का विमोचन करेंगे।




मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादकः डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादकः अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com